हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–47 : जौनपुर, सोमवार 10 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का निधन

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया है। उन्होंने आज सुबह 8.16 पर अंतिम सांस ली। वह 82 साल के थे। मुलायम सिंह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में वह वेंटिलेटर पर थे। पिछले रविवार से उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद सपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। पहलवान और शिक्षक रहे मुलायम ने लंबी सियासी पारी खेली। तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री रहे। केंद्र में रक्षा मंत्री रहे। उन्हें बेहद साहसिक सियासी फैसलों के लिए भी जाना जाता है। आपको बता दें कि 22 अगस्त को मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था। मुलायम सिंह को एक अक्तूबर की रात को आइसीयू में शिफ्ट किया गया था। मुलायम सिंह यादव का मेदांता के एक डॉक्टरों का पैनल इलाज कर रहा था।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और परिवार के अन्य सदस्य उनके साथ ही हैं। दिल्ली से उनका शव लखनऊ लाने की तैयारी है। यहां से फिर इटावा ले जाया जाएगा। कल तीन बजे मुलायम सिंह यादव का सैफई में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उधर, मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल पहुंचेंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुलायम सिंह यादव के निधन की जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि मेरे आदरणीय पिता जी और सबके नेता जी नहीं रहे। मुलायम सिंह यादव के निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलायम सिंह के पुत्र पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और उनके भाई रामगोपाल यादव से फोन पर बात की और संवेदनाएं व्यक्त की। मुलायम सिंह यादव का निधन अत्यंत दुखदाईः योगी सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव का निधन अत्यंत दुखदाई है। उनके निधन से समाजवाद के प्रमुख स्तंभ एवं संघर्षशील युग का अंत हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना एवं शोकाकुल परिजनों एवं समर्थकों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। यूपी सरकार ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की मुलायम सिंह यादव के निधन पर उत्तर प्रदेश सरकार ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुलायम सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ होगा। प्रियंका गांधी ने जताया शोक प्रियंका गांधी ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर दुख जताया। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि मुलायम सिंह यादव के निधन का दुखद समाचार मिला। भारतीय राजनीति में उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री, भारत सरकार के रक्षामंत्री व सामाजिक न्याय के सशक्त पैरोकार के रूप में उनका अतुलनीय योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। अखिलेश यादव व अन्य सभी प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं। ईश्वर मुलायम सिंह यादव को श्रीचरणों में स्थान दें। भावुक हुए पीएम मोदी, कई तस्वीरें ट्वीट कर लिखा– '' उनका निधन पीड़ा देता है'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुलायम सिंह यादव के निधन पर काफी भावुक नजर आए। उन्होंने एक के बाद एक ट्वीट कर मुलायम सिंह यादव के बारे में बहुत कुछ लिखा, इसके साथ ही उन्होंने मुलायम सिंह के साथ अपनी कई तस्वीरों को ट्वीट किया। पीएम मोदी ने अपने ट्वीटों की श्रृखंला में लिखा, ''मुलायम सिंह यादव जी एक विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। उन्हें एक विनम्र और जमीन से जुड़े नेता



के रूप में व्यापक रूप से सराहा गया, जो लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील थे। उन्होंने लगन से लोगों की सेवा की और लोकनायक जेपी और डॉ. लोहिया के आदर्शों को लोकप्रिय बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मुलायम सिंह यादव जी ने यूपी और राष्ट्रीय राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई। वह आपातकाल के दौरान लोकतंत्र के लिए एक प्रमुख सैनिक थे। रक्षा मंत्री के रूप में, उन्होंने एक मजबूत भारत के लिए काम किया। उनके संसदीय हस्तक्षेप व्यावहारिक थे और राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने पर जोर देते थे। जब हमने अपने–अपने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रूप में काम किया, तब मुलायम सिंह यादव जी के साथ मेरी कई बातचीत हुई। घनिष्ठता जारी रही और मैं हमेशा उनके विचारों को सुनने के लिए उत्सुक था। उनका निधन मुझे पीड़ा देता है। उनके परिवार और लाखों समर्थकों के प्रति संवेदना। शांति।'' रक्षामंत्री राजनाथ ने किया याद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए ट्विटर पर लिखा, राजनीतिक विरोधी होने के बावजूद मुलायम सिंह जी के सबसे अच्छे संबंध थे। जब भी उनसे भेंट होती तो वे बड़े खुले मन से अनेक विषयों पर बात करते। अनेक अवसरों पर उनसे हुई बातचीत मेरी स्मृति में सदैव तरोताजा रहेगी। दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों एवं समर्थकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। गृहमंत्री शाह ने दी श्रद्धांजलि गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर लिखा, मुलायम सिंह यादव जी अपने अद्वितीय राजनीतिक कौशल से दशकों तक राजनीति में सक्रिय रहे। आपातकाल में उन्होंने लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए बुलंद आवाज उठाई। वह सदैव एक जमीन से जुड़े जननेता के रूप में याद किए जाएंगे। उनका निधन भारतीय राजनीति के एक युग का अंत है। दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों व समर्थकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ॐ शांति शांति शांति। बसपा सुप्रीमो मायावती ने दी श्रद्धांजलि मुलायम सिंह यादव के निधन पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, समाजवादी पार्टी के व्योवृद्ध नेता व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन की खबर अति–दुःखद है। उनके परिवार व सभी शुभचिन्तकों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कुदरत उन सबको इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे। मुलायम सिंह यादव का निधन बेहद दुखदः केशव प्रसाद मौर्य उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मुलायम सिंह यादव का निधन बेहद दुखद है। उनका इलाज चल रहा था सब इस आस में थे कि वे वापस इलाज करवाकर लौटेंगे लेकिन यह खबर आई। राजनीतिक दृष्टि से यह एक युग का अंत है राष्ट्रपति मुर्मू ने जताया शोक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा, मुलायम सिंह यादव का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। साधारण परिवेश से आए मुलायम सिंह यादव जी की उपलब्धियां असाधारण थीं। 'धरती पुत्र' मुलायम जी जमीन से जुड़े दिग्गज नेता थे। उनका सम्मान सभी दलों के लोग करते थे। उनके परिवार–जन व समर्थकों के प्रति मेरी गहन शोक–संवेदनाएं। कांग्रेस पार्टी ने भी किया ट्वीट कांग्रेस पार्टी की ओर से ट्वीट किया गया, समाजवादी पार्टी के संरक्षक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव जी का निधन भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिवार एवं समर्थकों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। लालू यादव ने भी किया याद राजद अध्यक्ष लालू यादव ने मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा, समाजवादी वटवृक्ष सपा संरक्षक आदरणीय मुलायम सिंह जी के निधन की खबर से मर्माहत हूं। देश की राजनीति में एवं वंचितों को अग्रिम पंक्ति में लाने में उनका अतुलनीय योगदान रहा।उनकी यादें जुड़ी रहेगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। विनम्र श्रद्धांजलि। अरविंद केजरीवाल ने दी श्रद्धांजलि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर लिखा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता श्री मुलायम सिंह यादव जी के निधन का दुखद समाचार मिला। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं उनके सभी प्रशंसकों और परिजनों को ये अपार दुख सहने की शक्ति दें।

## माँ पीतांबरा देवी का पहला सिद्धपीठ मंदिर जेवर में : कई एकड़ जमीन में अगले साल शुरू होगा मंदिर निर्माण का कार्य

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ : दतिया (मध्य प्रदेश) और कांगड़ा ( हिमांचल प्रदेश) के बाद अब जेवर (नोयडा, उत्तर प्रदेश) में देश का तीसरा और सूबे का पहला माँ माँ पीतांबरा देवी सिद्धपीठ मंदिर बनेगा. कई एकड़ जमीन पर बनने वाले इस सिद्धपीठ मंदिर परिसर में माँ पीतांबरा देवी के साथ ही श्रीहनुमान जी का भी मंदिर बनाया जाएगा. यह जानकारी दिल्ली से दो दिवसीय लखनऊ प्रवास पर आये श्रीश्री मनु जी महाराज ने खास मुलाकात में दी. उन्होंने बताया कि देश – दुनिया के तमाम भक्तजनों के सहयोग व करोड़ों रुपये लागत से बनने वाले इस सिद्धपीठ मंदिर के लिए दिल्ली से सटे नोयडा क्षेत्र के जेवर में कई एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गयी है जहाँ श्री विराट भाग्योदय सेवा समिति (ट्रस्ट) की देखरेख में अगले साल शुभ मुहूर्त से सिद्धपीठ मंदिर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा. श्री मनु महाराज ने बताया कि माँ पीतांबरा देवी का यह देश का पहला सिद्धपीठ मंदिर बनेगा जिसमें सभी धर्म, जाति व सम्प्रदाय के श्रद्धालु जनों का सहयोग होगा. इस मंदिर परिसर में गुरुकुल, गौशाला के साथ ही देश – विदेश से आने वाले



भक्तजनों के रहने – खाने की व्यवस्था भी रहेगी. गोरखपुर मंडल में महराजगंज जिले के सेखुई (फरेंदा) निवासी श्रीश्री मनु जी महराज को हिमालय में एकांत साधना के बाद सिद्ध संत ब्रह्मऋषि महाराज जी का गुरु स्वरूप में आशीर्वाद मिला. प्रचार से कोसों दूर रहकर मनु जी महराज अधिकतर माँ भगवती व श्रीहनुमान जी की एकांत साधना में लीन रहते हैं और भक्ति भाव में लीन भक्तजनों को जनकल्याण का संकल्प दिलाते हैं।

## प्रदेश स्तरीय जूनियर व सब–जूनियर बालक बालिका कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

जौनपुर सू.वि. : क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ एवं उ0प्र0 कबड्डी संघ के संयुक्त समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर व सब–जूनियर बालक/बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 16 अक्टूबर, 2022 से 06 दिसम्बर, 2022 के बीच प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। उक्त के कम में जनपद जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में जूनियर बालक स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता (आयु 31 दिसम्बर, 2022 को 20 वर्ष या उससे कम अर्थात जन्म तिथि 01.01.2003 के बाद की हो, वजन–55 किग्रा0 या उससे कम होना चाहिए) हेतु जनपदीय चयन परीक्षण दिनांक 12 अक्टूबर, 2022 को प्रातः 10 बजे किया जायेगा। सब–जूनियर बालक स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता (आयु 31 दिसम्बर, 2022 को 16 वर्ष या उससे कम अर्थात जन्म तिथि 01.01.2007 के बाद की हो, वजन–55 किग्रा0 या उससे कम होना चाहिए) हेतु जनपदीय चयन परीक्षण दिनांक 22 नवम्बर, 2022 को प्रातः 10 बजे तथा जूनियर बालिका स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता (आयु 31 दिसम्बर, 2022 को 20 वर्ष या उससे कम अर्थात जन्म तिथि 01.01.2003 के बाद की हो, वजन–65 किग्रा0 या उससे कम होना चाहिए) हेतु जनपदीय चयन परीक्षण 05 दिसम्बर, 2022 को प्रातः 10 बजे किया जायेगा। खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ एवं उ0प्र0 वॉलीबाल संघ के संयुक्त समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक/बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 15 अक्टूबर, 2022 से 20 अक्टूबर, 2022 तक किया जा रहा है। उक्त के कम में जनपद जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में जूनियर बालक स्टेट वॉलीबाल बालक प्रतियोगिता हेतु जनपदीय चयन परीक्षण दिनांक 11 अक्टूबर, 2022 को प्रातः 10 बजे तथा जूनियर बालिका स्टेट वॉलीबाल प्रतियोगिता हेतु जनपदीय चयन परीक्षण 13 अक्टूबर, 2022 को प्रातः 10 बजे किया जायेगा। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही मण्डल स्तरीय चयन परीक्षण में सम्मिलित हो पायेंगे। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र तैयार कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं। पात्रता प्रमाण के साथ आधार कार्ड एवं जन्म तिथि प्रमाणित की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें एवं मूल प्रति अपने साथ लेकर अवश्य आयें। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, जौनपुर में सम्पर्क किया जा सकता है।

## श्री गुरु रामदास के प्रकाश उत्सव (जन्मोत्सव) पर हुआ नगर कीर्तन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। सिक्खों के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश उत्सव (जन्मोत्सव) पर दशमेश सेवा सोसायटी द्वारा एक नगर कीर्तन प्रातः 6.00 बजे गुरूद्वारा श्री गुरु रामदास जी आर्या नगर से श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की छत्रछाया में जिसकी अगुवाई परम्परागत वेशभूषा से सुसज्जित पांच प्यारे अपने हाथों में खुली कृपाण लेकर कर रहे थे, जिनके पीछे विशेष रूप से सजाई गई फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब में सुशोभित श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी को ज्ञानी सुखदेव सिंह चांवर कर रहे थे। उक्त पालकी साहिब के आगे पंजाबी यूथ एसोसिएशन के सेवादार मार्ग की सफाई करके श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की सवारी के लिये मार्ग पर पुष्प बिछा रहे थे। मोती नगर चौराहा, गौड़िया मठ रोड, डी0ए0वी0 कालेज ऐशबाग रोड, नाका चौराहा, होता हुआ यह नगर कीर्तन वापस गुरूद्वारा साहिब पहुँचा। इस नगर कीर्तन में उ0 प्र0 भारत स्काउटस के बच्चों ने भी भाग लिया, खालसा इण्टर कालेज छात्रों एवं श्री गुरूनानक विद्यालय चन्दर नगर की बच्चियों ने बैण्ड बाजों के साथ भाग लिया। दशमेश सेवा सोसायटी के संचालक मंडल के तजिंदर सिंह और इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इस नगर कीर्तन में कई निष्काम जत्थों पंजाबी यूथ ऐसोसिऐशन, सिख यंग मेन्स एसोसियेशन, सिक्ख सेवक जत्था, सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी,, माता गूजरी सत्संग सभा ने नगर कीर्तन में शबद कीर्तन गायन किया। नगर कीर्तन सम्पूर्ण मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा, चाय, बिस्कुट, समोसे, पकौडे, बाबा



दीप सिंह जी फाउन्डेशन द्वारा शीतल पेय स्टाल लगाकर प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने नगर कीर्तन का संचालन करने वाले सिक्ख सेवक जत्थे के सदस्यों को गुरू घर का सम्मान सिरोपा भेंट किया और गुरु रामदास जी के प्रकाश उत्सव (जन्मोत्सव) की बधाई देते हुए बताया कि गुरु रामदास जी के प्रकाश उत्सव (जन्मोत्सव) दिनांक 10 एवं 11 नवम्बर .2022 दिन सोमवार एवं मंगलवार को शाम के दीवान के रुप में गुरूद्वारा नाका हिन्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने बताया कि इस अवसर पर प्रसिद्ध रागी जत्था भाई प्रिन्सपाल सिंह जी पटियाला वाले, भाई गुरमीत सिंह जी ऊना साहिब वाले विशेष रूप से पधार रहे हैं। नगर कीर्तन की समाप्ति के उपरान्त महामंत्री हरमिंदर सिंह टीटू की देखरेख मै दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों ने समूह संगत में पूड़ी छोले का लंगर वितरित किया गया।गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज बांसमंडी का बैंड और छात्राएं भी नगर कीर्तन में शामिल थी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## पत्रकार हित के लिए पीपीए संघर्ष करती रहेगी– राकेश यादव



गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील गोला की बैठक कैम्प कार्यालय गोला पर रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में पत्रकार हित को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि पीपीए के पूर्व तहसील गोला राकेश यादव ने कहा कि पीपीए स्थापना वर्ष से पत्रकार हित के लिए कार्य कर रही है। संगठन के प्रति पत्रकारों में विश्वास बढ़ा है। अध्यक्षता कर रहे तहसील अध्यक्ष गोला राजेश शर्मा ने कहा कि संगठन अनुशासित सदस्यों के कारण ही संगठन लगातार मजबूती से पीड़ित पत्रकार हित के लिए कार्य कर रहा है। इस मौके पर चन्द्रभान तिवारी, अखिलेश तिवारी, आशुतोष चौधरी, प्रशांत तिवारी, बसंत कुमार यादव, चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## जन–सामान्य से प्राप्त आपत्ति व सूझावो पर होगी सुनवाई

जौनपुर सू.वि. : नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र/नगर मजिस्टेट ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि जौनपुर महायोजना–2031 (प्रारूप) पर 06 अक्टूबर 2022 व 07 अक्टूबर 2022 तक आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे। निर्धारित अवधि के अर्न्तगत जन–सामान्य से प्राप्त आपत्ति/सूझावो की सुनवाई 06 अक्टूबर 2022 से 17 अक्टूबर 2022 तक की जानी है उक्त के क्रम में 06 अक्टूबर 2022 को आपत्ति सं0 01 से 262 तक मोहल्लावार – वाजिदपुर उत्तरी, विशेषरपुर, कन्हईपुर चांदमारी, मतापुर, रामनगर, सुल्तानपुर हाय, वादिजपुर उत्तरी, जगदीशपट्टी, उमरपुर हरिबंधनपुर, कन्हईपुर देहाती, ढालगर टोला, शेखपुर, सरफराजपुर, जगरनाथ पट्टी, सर्फराजपुर, कटघरा शहरी, लखनपुर, आराजी बाबूपुर, गुर्जीखानी, आसियाना कालोनी कटघरा, अकबरपुर आदमपुर, सरायकाजी कादन उर्फ मियांपुर, जौनपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार कक्ष में की गयी। 07 अक्टूबर 2022 को आपत्ति सं0 263 से 524 तक मोहल्लावार नाम– जगरनाथ पट्टी जगदीशपुर, कन्हईपुर चॉदमारी, आसियाना कालोनी कटघरा, वाजिदपुर उत्तरी, अलीखानपुर, सर्फराजपुर (महाराणा प्रताप कालोनी) सरायकाजी कादन उर्फ मियांपुर, बुर्चीखानी पुरानी बाजार, विशेषरपुर, हुसैनाबाद, अहियापुर, शेखपुर, कन्हईपुर देहाती, चॉदमारी, तारापुर तकिया, उमरपुर हरिबंधनपुर, कन्हईपुर शहरी, जगदीशपुर, हरईपुर, विशेषरपुर शहरी, वाजिदपुर दक्षिणी, जेसीज चौराहा हुसैनाबाद, वादिजदपुर उत्तरी, अलीखानपुर, आसियाना कालोनी, कालीकुत्ती, वाजिदपुर उत्तरी, कन्हईपुर चॉदमारी देहाती, गंगापट्टी कला, आसियाना कालोनी बदलापुर पडाव, नईगंज, जगदीशपुर उर्फ समोपुर, लखनपुर, कन्हईपुर चांदमारी, अकबरपुर आदम, जगन्नाथ पट्टी, चाचकपुर, तारापुर, हुसैनाबाद, कलीचाबाद, आराजी बाबूपुर, शेषपुर की गयी।

## जिलाधिकारी द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर प्राप्त की गई जानकारी

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। डेंगू वार्ड के निरीक्षण के दौरान पाया कि डेंगू वार्ड में कुल 4 मरीज भर्ती है और सभी का स्वास्थ्य ठीक है उन्होंने डेंगू वार्ड में भर्ती अजय, संतोष, पिंटू एवं निर्मला से अस्पताल के द्वारा दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली और उन्होंने प्रभारी सीएमएस अभिमन्यु कुमार को निर्देशित किया है कि भर्ती मरीजों का अच्छे से इलाज किया जाए, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डेंगू वार्ड सहित अन्य वार्डों में साफ–सफाई का एंटी लारवा का छिड़काव नियमित रूप से किया जाए। आयुष विभाग में जाकर दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की और चिकित्सक का नाम एवं उपलब्ध दवाओं की सूची लगाए जाने के निर्देश दिए। ब्लड बैंक में जाकर उपलब्ध ब्लड की जानकारी ली और निर्देशित किया कि रक्तदान शिविर लगाकर ब्लड यूनिट की संख्या बढ़ाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू को देखते हुए सभी सीएससी एवं पीएचसी सक्रिय है जिला अस्पताल के निरीक्षण में भी व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त मिली है। उन्होंने जनपद वासियों से भी अपील की है कि स्वयं भी जागरूक हो सतर्क रहें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा इमरजेंसी वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र में जाकर भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य संबंध में जानकारी ली और चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

पवित्रता की शक्ति इतनीं प्रबल है जो सारे विश्व के दुःख दूर कर सकती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कितने स्वतंत्र होंगे कांग्रेस के नए अध्यक्ष?

हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस के नए अध्यक्ष को गांधी परिवार द्वारा रिमोट से चलाया जाएगा, तो उन्होंने कहा कि यह पार्टी अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे लोगों का अपमान है।

अधिकांश राजनेता अंततः विरोधाभासों की पोटली बन जाते हैं और राहुल गांधी अपवाद नहीं हैं। देश की सभी राजनीतिक पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र एक समस्या है, लेकिन कांग्रेस का वंशवादी शासन सबसे ज्यादा स्पष्ट और पौराणिक है। यहां तक कि जब पार्टी एक गैर–गांधी नए पार्टी अध्यक्ष को लाने के लिए तैयार है, सबकी निगाहें राहुल गांधी पर लगी हैं कि क्या वह जरूरी बदलाव करेंगे या यथास्थितिवादी बने रहेंगे। एक बड़ा सवाल 88वें पार्टी अध्यक्ष के कामकाज के दायरे और स्वतंत्रता को लेकर है, जो लगातार अटकलों और पूर्वाग्रहों का विषय है। पूर्वाग्रह अकारण नहीं है। गांधी परिवार के

तीन व्यक्ति संगठन में प्रभावी हैं–सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा, जो क्रमश पार्टी अध्यक्ष, पूर्व पार्टी अध्यक्ष और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव के रूप में सक्रिय हैं।

इस बात की पूरी आशंका है कि नए कांग्रेस अध्यक्ष को कांग्रेस कार्यसमिति की सभी बैठकों में इन तीनों का सामना करना पड़ेगा। नीति निर्माण, नियुक्तियों तथा विवादास्पद राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक मुद्दों पर फैसला लेने में नए पार्टी अध्यक्ष और गांधी परिवार के सदस्यों के बीच क्या समीकरण होंगे? इन सबके बीच, जाहिर है, राहुल गांधी पर सबकी नजर है, क्योंकि उन्हें सामने से नेतृत्व करने वाले व्यक्ति के रूप में देखा जाता हैदृचाहे वह भारत जोड़ो यात्रा हो या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में शीर्ष स्तर पर हुई नियुक्तियां हों या राज्य पार्टी इकाइयां हों, जहां टीम राहुल कार्यरत है।

हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस के नए अध्यक्ष को गांधी परिवार द्वारा रिमोट से चलाया जाएगा, तो उन्होंने कहा कि यह पार्टी अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे लोगों का अपमान है। राहुल गांधी के आक्रोश को अच्छे अर्थों में लिया गया है, लेकिन यह आशंका अकारण नहीं है। वर्ष 1996 से 1998 के बीच कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर रहे सीताराम केसरी का जीवन इसका प्रमाण है। जब सोनिया ने दिसंबर, 1997 में औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा कर दी, तब केसरी कांग्रेस में अपंग हो गए। वह स्थिति तब तक रही, जब तक कि मार्च, 1998 में उन्होंने सोनिया के लिए पद नहीं छोड़ा। अक्सर देखा जाता था कि वी जॉर्ज और ऑस्कर फर्नांडीज (दोनों सोनिया के करीबी) केसरी के पुराना किला मार्ग स्थित आवास पर फाइल लेकर फैसलों पर कांग्रेस अध्यक्ष का हस्ताक्षर करवाने आते थे, जिस पर 10, जनपथ में शायद फैसले ले लिए जाते थे।

यहां ध्यान देने की बात यह भी है कि सभी बुराइयों के लिए गांधी परिवार को निशाना बनाना और उन पर सत्ता को नियंत्रित करने के आरोप लगाना फैशन बन गया है। जबकि तथ्य कुछ और बताते हैं। उदाहरण स्वरूप, हर विधानसभा या संसदीय चुनाव में उम्मीदवारों द्वारा प्रचारक के रूप में गांधी परिवार के लोगों की ही मांग होती है, जो स्पष्ट रूप में चुनाव में सबसे बड़े हितधारक होते हैं। जी–23 (असंतुष्टों के पूर्व समूह) के सदस्यों की मांग उनके निर्वाचन क्षेत्र या राज्य से बाहर शायद ही कभी होती है। वास्तव में राहुल गांधी ने वर्ष 2006 से 2013 के दौरान पार्टी को फिर से जीवंत करने और

इसका कायाकल्प करने का आह्वान किया था। राहुल के एनजीओ वाले और सांख्यिकीविद एवं विश्लेषक की मिश्रित शैली ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों के उम्मीदवारों का चयन करने के लिए प्राइमरी रखने के विचार के साथ संक्षिप्त (मगर गंभीरता से नहीं) प्रयोग किया था।

राहुल ने अमेरिका और ब्रिटेन की तरह आंतरिक लोकतंत्र के लिए प्रीमियर कराने की बात की थी, लेकिन वहां पार्टी के भीतर चुनौती देने वाले नेता को उसके राजनीतिक कद के हिसाब से पुरस्कृत किया जाता है। जबकि भारत के सभी राजनीतिक दलों में चुनौती देने वालों को धीरे–धीरे शक्तिहीन करने का चलन है। जैसे कि कांग्रेस में इंदिरा गांधी ने वाईवी चौहान और मोरारजी देसाई के साथ और भाजपा में बलराज मधोक, लालकृष्ण आडवाणी, यशवंत सिन्हा या शांता कुमार के साथ किया गया। वर्ष 2014 और 2019 की भारी हार ने राहुल समेत गांधी परिवार को लगभग शून्य कर दिया है। कांग्रेस राज्य दर राज्य सत्ता खोती जा रही है और जैसा कि हाल ही में किसी ने एक नारा गढ़ा है–'कांग्रेस का एक ही गढ़–छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़', उसके सच में बदल जाने का खतरा दिख रहा है।

राहुल को व्यावहारिक होकर दिवास्वप्न से जागने और अवध की पुरानी कहानी को याद करने की जरूरत है। यह कहानी एक लंबे, लेकिन दिमाग से पैदल गणित के प्रोफेसर की है, जिसका शीर्षक है–हिसाब ज्यों का त्यों, फिर कुनबा डूबा क्यों? एक बार प्रोफेसर पत्नी और बच्चों के संग कहीं जा रहे थे कि रास्ते में एक नदी पड़ गई। उनके भीतर के गणितज्ञ ने नदी की गहराई और अपने परिवार की औसत लंबाई मापी और हिसाब लगाया कि उनके परिवार की औसत लंबाई नदी की गहराई से ज्यादा है। लेकिन नदी पार करने के बाद उन्होंने पाया कि उनका परिवार डूब चुका है। इस पर प्रोफेसर सोचने लगे कि हिसाब ज्यों का त्यों, फिर कुनबा डूबा क्यों?

आज जब कांग्रेस मुश्किल वक्त से जूझ रही है, तब पार्टी में एक करोड़ स्वच्छ, समर्पित और लोकतांत्रिक युवा कार्यकर्ता नहीं हैं। वे कहां हैं, क्योंकि 2006 से 2013 के दौरान ऐसे पार्टी कार्यकर्ता तैयार करने के लिए राहुल ने काफी समय, ऊर्जा और संसाधन खर्च किए थे। क्या यह सही समय नहीं है कि गांधी परिवार किसी और को सही मायनों में पार्टी चलाने दे, और खासकर राहुल गांधी नए कांग्रेस अध्यक्ष को अपनी किस्मत और कौशल आजमाने के लिए सभी शक्तियां और संसाधन प्रदान करें। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वर्तमान कांग्रेस में प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर बहस और विचार–विमर्श अतीत की बात हो गया है। आखिर कांग्रेस कार्यसमिति क्यों निष्क्रिय हो गई है या नेतृत्व में राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर विचार–विमर्श करने के लिए झुकाव या साहस की कमी है? दोनों ही मामलों में संस्थानों के पतन का आरोप लगाने वाली देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए यह दुखद है। राहुल को समझना चाहिए कि यदि पार्टी स्वयं अपना, अपने आंतरिक संस्थानों का सम्मान नहीं करेगी, तो उसकी आवाज खोखली समझी जाएगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# धूमधाम से मना ईद मिलादुन्नबी : निकला जुलूस–ए–मोहम्मदी : लगाये गये नारे

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर रविवार को पाली नगर में जुलूस–ए–मोहम्मदी गाजा बाजा और झंडा पताका के साथ बड़ी धूमधाम से निकाला गया जिसमें सरकार की आमद मरहब्बा,नारे तदबीर नारे लगाते सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल हुए। जुलेसे मोहम्मदी में आपसी सद्भाव और देश प्रेम का जज्बा देखने को मिला। कस्बे में निकले जुलूस में शामिल लोग इस्लामिक झंडे के साथ राष्ट्र ध्वज भी लहराते हुए चल रहे थे।इसमें हिन्दू भाइयों ने भी बढ़ चढ़ कर सहयोग किया। जुलूस जामा मस्जिद से शुरु होकर सुन्दर चौराहा, मालिकाना,इमामचौक, लाल खां मस्जिद, डाक खाने के रास्ते बाजार तथा पूर्व चेयरमैन रिजवान खाँ के मकान के पास एवं आबिद नगर होते हुए जामा मस्जिद पर पहुंच कर सभा में परिवर्तित हो गया तकरीर और दुआ के साथ जुलूस समाप्त हो गया।तकरीर में पैगम्बर साहब के जीवन के बारे में बताया गया और उनके द्वारा बताये गये रास्ते पर चलने की बात कही गई साथ ही देश और दुनिया में अमन और शान्ति



के लिए दुआ की गई।आपको बता दें कि पैगम्बर–ए–इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्म इस्लामिक माह रबीउल अव्वल की 12 तारीख को हुआ था। मुस्लिम समुदाय के लोग इस दिन को जश्न के रूप में मनाते हैं। जुलूस के दौरान क्षेत्राधिकारी हेमन्त उपाध्याय थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील दत्त कौल,एसआई आदित्य मौर्य, एसआई नरेन्द्र कुमार, एसआई संजय राय कांस्टेबल गुँजन गिल, राजेश निषाद के अलावा काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : शनिवार की रात तेज गड़गड़ाहट के साथ हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से पाली थाना क्षेत्र के रामापुर मिश्र के एक युवक की चपेट में आने से मौत हो गई। रामापुर मिश्र निवासी मुनिराज (27) पुत्र श्री रामकिशन शनिवार की रात अपने खेत की रखवाली कर रहा था।देर रात तेज चमक व गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में मुनिराज आ गया। युवक पूरी तरह झुलस गया था। घटना की जानकारी होते ही परिजन आनन फानन में उसे लेकर पाली स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे।जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार



में कोहराम मच गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे एसआई रामवचन भारती, कांस्टेबल राजेश निषाद,कांस्टेबल अमित कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी – विकास कुमार

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव हरदोई : रविवार को नेहरू युवा केन्द्र, हरदोई के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेविका, भरखनी श्यामलता व पूर्व राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेवक विकास कुमार के नेतृत्व में नेहरू युवा मण्डल पाली द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत नगर के प्राचीनतम बाबा भूतनाथ मन्दिर प्रांगण पर साफ–सफाई कर कूड़े को कूड़ेदान में डालकर मन्दिर को स्वच्छ बनाये रखने का संकल्प लिया। भूतपूर्व राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेवक, भरखनी विकास कुमार ने मन्दिर में आने वाले भक्तों से अपील करते हुए कहा कि मन्दिर न सिर्फ हमारी आस्था



का प्रतीक है बल्कि सार्वजनिक और सरकारी संपत्ति भी है अतः हमें स्वयं स्वच्छता की जिम्मेदारी के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर नेहरू युवामण्डल अध्यक्ष प्रशान्त कुमार 'पी.के'., सौरभ, रंजीत, श्याम, दिव्या, अंकिता आदि युवा मण्डल सदस्य मौजूद रहे।

# बिलरियागंज स्थित राधाकृष्ण मंदिर पर भव्य झांकी और जागरण का किया गया आयोजन

आजमगढ़ पत्रकार राजकुमार जायसवाल : आजमगढ़ जनपद के बिलरियागंज नगर पंचायत में स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर पर यंग स्टार क्लब के तत्वाधान में भव्य झांकी व माता के जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही । यह कार्यक्रम दशहरा के उपलक्ष्य पर लगने वाले मेले को लेकर दिनेश जायसवाल और सुशील गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित हुआ । वही झांकी और जागरण कार्यक्रम में गायक बिरजू बादल, गोलू यादव , बंदना शर्मा, विजय मोदनवाल, आदि ने मनमोहक प्रस्तुति किया जिसको देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए और आस पास का पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा । वही मनमोहक प्रस्तुति कर रहे कलाकारों को माता की चुनरी देकर सम्मानित किया गया और



लोग उनकी जमकर सराहना करते नजर आए । सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन भी निगरानी में लगा रहा कि कहीं कोई अप्रिय घटना ना हो । इस अवसर पर रामपाल सिंह, कृष्णपाल , वीरेंद्र विश्वकर्मा , सुनील गुप्ता , दिनेश जायसवाल , सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# सनातन धर्म परिषद दिल्ली के पदाधिकारीगण मनोनीत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय नई दिल्ली। सनातन धर्म परिषद दिल्ली के पदाधिकारीगण डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य ने नियुक्त किए।अखिल भारतीय सनातन धर्म सम्मेलन के अवसर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। संत अजय मिश्र संरक्षक, राकेश कुमार शुक्ला संरक्षक, अर्जुन शास्त्री संरक्षक आनंद जी महाराज संरक्षक, आचार्य मधुर जी महाराज संरक्षक, पंडित घनश्याम मिश्रा संरक्षक, आचार्य कौशल किशोर मिश्र अध्यक्ष, मनोज मिश्र कप्तान महामंत्री, अशोक कुमार मिश्र कोषाध्यक्ष, राम पारस शास्त्री मंत्री, साधूराम मिश्र उपाध्यक्ष, राम अक्षयबर शुक्ला उपाध्यक्ष राजेश्वर कुमार पांडे , उपाध्यक्ष दिनेश मिश्रा उपाध्यक्ष, राजकुमार शुक्ला कप्तान उपाध्यक्ष, नीरज मिश्रा प्रधान सलाहकार शिवकुमार तिवारी सलाहकार सुनील द्विवेदी शास्त्री कार्यालय मंत्री दिनेश मिश्रा रसिया सह कार्यालय मंत्री सूर्य प्रकाश मिश्रा संगठन मंत्री वेद प्रकाश तिवारी



संगठन मंत्री गया प्रसाद शुक्ला संगठन मंत्री प्रदीप तिवारी दिल्ली प्रदेश प्रभारी राम गोपाल शास्त्री मार्गदर्शक , राजेंद्र शास्त्री मार्गदर्शक विपुल तिवारी प्रचार मंत्री मनोज तिवारी प्रचार मंत्री, ओपी शुक्ला प्रचार मंत्री नरेंद्र मिश्रा प्रचार मंत्री राकेश तिवारी संगठन मंत्री, विनोद तिवारी सदस्य ध्रुव चंद्र पाठक सदस्य आदि सदस्य गण डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने मनोनीत किए।

# मोइनुद्दीनपुर में गायत्री यज्ञ गौशाला पूजन व दीप यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : निकटवर्ती टोडरपुर ब्लाक के मोइनुद्दीन गांव में गायत्री यज्ञ के साथ गौशाला पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाम को दीप यज्ञ में श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र के साथ भावना पूर्वक आहुतियां दीं। कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव ने कलश पूजन के साथ दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजक मधु श्रीवास्तव ने गायत्री यज्ञ व दीप यज्ञ के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी तथा गायत्री मंत्र की जप साधना के लिए प्रेरित किया। गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी की संगीत टोली के देवेंद्र मिश्र, अनिल राठौर और बृजनंदन वर्मा ने भक्ति गीतों से समा बांध दिया। सायं कालीन कार्यक्रम में मंत्रोचार पूर्वक गो पूजन किया गया। टोली नायक ने दीप यज्ञ को ज्ञान यज्ञ बताते हुए सद्ज्ञान का दीपक जलाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दीपक रोशनी, विश्वास और प्रकाश की ओर ले जाता है। गायत्री साधकों ने पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ में श्रद्धा पूर्वक आहुतियां प्रदान कीं। गायत्री परिवार की ओर से ग्राम प्रधान का मंगल तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। गायत्री मंत्र के महत्त्व बारे में टोली नायक अतुल कपूर ने विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र के जप से व्यक्ति का सब कुछ सुधारा जा सकता है। गायत्री मंत्र के 24 अक्षर मनुष्य के शरीर की 24 ग्रंथियों पर प्रभाव डालते हैं। गायत्री मंत्र के 9 शब्द साधक में 9 सद्गुणों की वृद्धि करते हैं। यह गुरु मंत्र है। गायत्री मंत्र हमारा राष्ट्र मंत्र है। इससे सद्बुद्धि आती है। उन्होंने आगामी 10 नवंबर







से 14 नवंबर तक उन्नाव जनपद के मियागंज कस्बे में होने वाले राजसूय यज्ञ के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी तथा सभी साधकों को राजसूय यज्ञ का आमंत्रण दिया। अवधेश, अतुल श्रीवास्तव तथा अरविंद श्रीवास्तव ने गायत्री यज्ञ व दीप यज्ञ की व्यवस्थाएं संभाली।

## मुफ्ती शहादत हुसैन की सरबाही में जुलूस ए मुहम्मदी निकाला गया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हर साल की तरह इस साल भी मदरसा अनवारे मुस्तफा से मुफ्ती शहादत हुसैन की सरबराही में जुलूस ए मुहम्मदी निकाला गया । इस जुलूस में शहर की 25 अंजुमनों के छोटे छोटे जुलूस शामिल हुए ।जिनमे मोहल्ला सुलेमानी से अफसार हुसैन , दिलावरपुर से हाफिज तालिब , ताजपुरा से हाफिज तौहीद , महुआटोला से अनस , बुधबाजार से कारी नसरुल्ला , बुधबाजार से ही हाफिज औसाफ साबरी , खेड़ा बलाएकोट से मौलाना वसीम ,सलमान खां , खेड़ा बीबीजइ से मौलाना कसीरउद्दीन , पक्काबाग से हाफिज मोहम्मद अली , गढ़ी से हाफिज जीशान , महमंद से हाफिज जीशान , बस स्टैंड मस्जिद से सय्यद अषिकुल कादरी , वाजिद खेल से मौलाना इक्तेदार खां , अल्लाहपुर से मौलाना अब्दुल मुस्तफा , खलीलो से रिजवान , गिगयानी से हाफिज इमरान , वगरैह की सरबराही में जुलूस मदरसे में आकर बड़े जुलूस में शामिल हुए । सरकार की आमद मरहबा , मदनी की आमद मरहबा , नारे तकबीर अल्लाह हु अकबर , नारे रिसालत या रसु लुल्लाह ,पत्ती पत्ती फूल फूल या रसूल या रसूल , की सदाओ की बीच सुबह 9 बजे मदरसे से जुलूस निकाला जिसमे बच्चे , बूढे , और नौजवान कुर्ता पैजामा पहने सर पर टोपी लगाए अपने नबी की आमद की खुशी में जोश ओ खरोश के साथ नारे लगा के फजा को मुअत्तर कर रहे थे । जुलूस बस स्टैंड से होता हुआ अल्लाहपुर तिराहे पहुंचा , तिराहे से नगरपालिका यहाँ वालदा शरीफ में ईदगाह के पूर्व अध्यक्ष मुहम्मद रईस खां वारसी ने चादर पेश की । नगर पालिका जे जुलूस जामा मस्जिस पहुंचा जहाँ मुफ्ती शहादत हुसैन ने 30 मिनट तकरीर करते हुए जुलुस मे हाजिर लोगो से खिताब करते हुए कहा आज से 1444 साल पहले अरब की सर जमीन पे अल्लाह



ने अपने महबूब मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम को पैदा फरमाया ।जिस बक्त आप की विलादत हुई अहले अरब गुमराही में जिन्दगी बसर कर रहे थे, जुआ ,शराब , बेटी को जिन्दा दफन करना , कबीले बंदी , चोरी ,डकैती , आम थी , इसी फितने और बुराई को मिटाने के लिये अल्लाह ने मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम को अरब की सर जमीन पर पैदा फरमाया ।आप सारी दुनिया के लिए रहमत बन कर आए ,इसी लिए आप को राहमतुल लिलआलमीन भी कहा जाता है ,आप ने सारे आलम को मुहब्बत का पैगाम दिया । इस्लाम के माने शान्ति में दाखिल होने , इत्तेहाद , प्यार ,मुहब्बत के है । आज हमारे नबी की पैदाइश का दिन है इस लिए इस दिन को हम लोग ,ईद मिलादुन्नबी , के तौर पर मनाते हैं घरो में चरागां करते हैं मीठा पकवान बनाकर खुशी का इजहार करते हैं , ये पूरा महीना जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के नाम से मंसूब है इस माह मिलाद , जलसों का जगह जगह एहतिमाम किया जाता है ।ये महीना इस्लामी महीनों में तीसरा महीना है इस को रबीउल अव्वल कहा जाता है ।इसका दूसरा नाम माहे नूर भी है ।जबकि गलत परम्परा में इसको बारह बफात कहा जाता है जो कि गलत है । इमाम जामा मस्जिद मकसूद हुसैन ने भी खिताब किया । कमेटी की जानिब से रईस खां वारसी , मास्टर इजहार खां , मोहम्मद वली पीरा , पुतान खां , आकिल मेम्बर , वगैरह ने जुलूस की जिम्मेदारी निभाई।

## सुरेश चंद्र सविता की पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरदोई शहर निवासी समाजसेवी शिवपूजन सविता ने अपने पिता स्व. सुरेश चंद्र सविता की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में पहुंचकर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों सहित राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर भागीदारी व सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहने वाले शहर के मोहल्ला प्रगतिनगर निवासी समाजसेवी शिवपूजन सविता ने रविवार को अपने पिता स्वर्गीय सुरेश चंद्र सविता की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर परिवारीजनों और मित्रों के साथ शहर के कैनाल रोड स्थित प्रगति नगर मोड़ पर भंडारा लगाकर लोगों को प्रसाद बांटा। शिवपूजन सविता ने बताया कि उनके पिता ने अपने जीवन में सदैव गरीबों की सेवा और सहायता करते रहे। उनके संस्कारों से ही हमें भी यह प्रेरणा मिली है कि हम भी गरीबों की मदद करें। उन्होंने कहा कि भंडारे के माध्यम से भूखे–प्यासे लोगों को प्रसाद रूपी भोजन कराकर




उनकी भूख मिटाने से मन को विशेष शांति की अनुभूति होती है।भंडारे की खासियत है कि यहां पर लोग जाति–पाति, अमीर–गरीब, ऊंच–नीच से ऊपर उठकर एक साथ भोजन ग्रहण करते हैं। भंडारे में कोई भेदभाव नहीं होता है। इस अवसर पर ओमप्रकाश सविता, अशोक चंद्रा, सभासद विमल श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र यादव, ऋषिपूजन सविता, अनमोल, सचिन, अभिषेक, अजीत विशाल नंदवंशी आदि मौजूद रहे।

## समय से परीक्षाफल देने के लिए विश्वविद्यालय ने लिया निर्णय : महाविद्यालय की लापरवाही से रुके पांच फीसदी रिजल्ट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की ओर से स्नातक प्रथम सेमेस्टर के मिड टर्म, प्रायोगिक और मौखिकी परीक्षा के परिणाम नहीं भेजे जाने के कारण परीक्षाफल घोषित करने में दिक्कत हो रही थी। इसे दूर करने के लिए विश्वविद्यालय ने एनइपी के अंतर्गत सम्पन्न स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के इंटर्नल/प्रायोगिक परीक्षा के अंकों के ऑनलाइन सबमिशन की व्यवस्था कर दिया है, ताकि समय से अंकपत्र वेबसाइट पर अपलोड किया जा सके। ऑनलाइन मार्क्स सबमिशन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर है। परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय लगभग 95 फीसदी परीक्षाफल घोषित कर दिया है। 5 फीसदी परीक्षा फल वही अपूर्ण हैं जो या तो प्रायोगिक के अंक महाविद्यालय से नहीं आए हैं या परीक्षा फार्म भरने में विद्यार्थी की ओर से कोई त्रुटि की गई हो। सहायक कुलसचिव परीक्षा अजीत सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा समस्त पाठ्यक्रमों के सत्र 2021–22




के परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित सारणीयन पंजिका महाविद्यालय के लागिन पर अपलोड कर दी गयी है। कुछ महाविद्यालयों से स्नातक प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर की सम्पन्न इंटर्नल/प्रायोगिक परीक्षा से सम्बन्धित जो अपर्ण (अवार्ड लिस्ट) विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये हैं, उसमें बहुत सारे अनुक्रमांकों का उल्लेख नहीं किया गया है कि छात्र परीक्षा में उपस्थित है या अनुपस्थित। उन्होंने कहा कि ऐसी भ्रामक स्थिति में पांच फीसदी परीक्षा परिणाम अपूर्ण हैं। इसे भी दूर करने के लिए महाविद्यालयों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। विवरण आते ही उसे भी अतिशीघ्र घोषित कर दिया जाएगा।

## दबंगों ने आधी रात को जेसीबी मशीन से गिराया गरीब का घर दुकान : असलहा लहराकर लोगों को डराया धमकाया की फायरिंग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के काजीबाजार पतहना में आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने असलहा धारदार हथियार लेकर पहुंच गए और एक गरीब के घर दुकान को जेसीबी मशीन से गिरा दिया और आसपास के लोगों को असलहा दिखाकर डरा धमका कर भगा दिए। इस दौरान फायरिंग भी किया। रात मे 112 नंबर पहुंची पुलिस लेकिन दबंगो के आगे लाचार रही। जानकारी के अनुसार काजीबाजार पतहना का निवासी मंजूर अहमद काजी बाजार में मकान व दुकान है। शनिवार की आधी रात को आधा दर्जन दबंग लोग पहुंचे, पहले तो सबको असलहा से डराया धमकाया और भगा दिया। इसके बाद जेसीबी मशीन से गरीब मंजूर के चार कमरा गलियारा बाउंड्री वाल तोड़कर ढहा दिए और दुकान में रखे सामान सभी नष्ट हो गए। पीड़ित के मुताबिक दुकान से सामान भी उठा ले गए। पीड़ित ने तत्काल मामले की सूचना 112 नंबर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दबंगों के



आगे डरी सहमी नजर आई। जब पड़ोसी लोगों ने मकान तोड़ने से रोका तो असलहा दिखाते हुए फायरिंग कर दी। जिससे लोगों को वहां से भागना पड़ा।पीड़ित ने कहा कि आधा दर्जन के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी है। लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। अगर आरोपी लोगो के खिलाफ कार्रवाई नही हुई तो मुख्यमंत्री योगी के दरबार में भी मामले को लेकर जाऊंगा और जरूरत पड़ी तो जिला मुख्यालय पर धरने पर बैठ जाऊंगा।

## थाना बक्शा सर्विलांस व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण : तीन अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 25.09.2022 को रात्रि में जौनपुर लखनऊ हाइवे के किनारे ग्राम सवंसा भैरोपुर में एक अज्ञात महिला का शव शिनाख्त मिटाने के नियत से जलाकर फेकने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 308/22 धारा 302/201/34 भादवि पंजीकृत किया गया था। घटना का अनावरण करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर श्री अजय कुमार साहनी द्वारा टीमें गठित कर लगाया गया था, निर्देशन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के निकट पर्वेक्षण में स्वाट टीम व सर्विलांस टीम जौनपुर तथा थानाध्यक्ष बक्शा श्री त्रिवेणी सिंह मय हमराह कर्म0गण के संयुक्त प्रयास से उक्त हत्या का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये 03 अभियुक्तों 1– नूर मोहम्मद उर्फ सानू पुत्र शकील अहमद ग्राम गभडिया थाना कोतवाली जनपद सुल्तानपुर 2– सन्दीप गौतम उर्फ जानी पुत्र छोटेलाल गौतम ग्राम हरदासपुर थाना चाँदा जनपद सुल्तानपुर 3– जय सिंह पुत्र रामहित ग्राम सोनबरसा थाना लम्भुवा जनपद सुल्तानपुर को आज दिनांक 09.10.22 को समय 04.10 बजे सुबह ग्राम भैरोपुर सवंसा से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तों के कब्जे से मृतका का लेडीज पर्स,बैंक पासबुक व घटना में प्रयुक्त की गयी एक हुण्डई वरना कार UP 44 BF 0281 बरामद किया गया



है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1–नूर मोहम्मद उर्फ सानू पुत्र शकील अहमद ग्राम गभडिया थाना कोतवाली जनपद सुल्तानपुर उम्र 28 वर्ष, 2–सन्दीप गौतम उर्फ जानी पुत्र छोटेलाल गौतम ग्राम हरदासपुर थाना चाँदा जनपद सुल्तानपुर उम्र 20 वर्ष, 3–जय सिंह पुत्र रामहित ग्राम सोनबरसा थाना लम्भुवा जनपद सुल्तानपुर उम्र 22 वर्ष आपराधिक इतिहास– मु0अ0सं0 308/22 धारा 302/21/34 भादवि थाना बक्शा जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1–घटना में प्रयुक्त एक कार होण्डई वरना UP 44 BF 0281 2– एक लेडीज पर्स मृतका का 3–एक बैंक पासबुक मृतका का पुलिस टीम का विवरण– 1–थानाध्यक्ष श्री त्रिवेणी सिंह थाना बक्शा जनपद जौनपुर मय टीम। 2–स्वाट टीम प्रभारी श्री आदेश कुमार त्यागी मय टीम जौनपुर। 3–सर्विलांस प्रभारी श्री रामजनम मय टीम जौनपुर। 4–उ0नि0 जितेन्द्र कुमार सिंह थाना बक्शा जनपद जौनपुर मय हमराह।

## थाना चन्दवक पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 संजय कुमार के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री गौरव शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए दिनांक 08.10.2022 को प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अभि0 सिप्पू राजभर पुत्र राधे राजभर निवासी सिंगारपुर थाना खानपुर जिला गाजीपुर को 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा सहित पतरही सडक पुलिया वहद ग्राम पतरही से समय करीब 20.00 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तद् 1. सिप्पू राजभर पुत्र राधे राजभर निवासी



सिंगारपुर थाना खानपुर जिला गाजीपुर बरामदगी– 1. 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 177/22 धारा 8/20 छक्चै ।बज थाना चन्दवक जनपद जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्य– 1. प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 सरोज सिंह चौकी पतरही थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3. उ0नि0 राजकेश्वर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4. हे0का0 संजय सिह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 5. का0 विशाल यादव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 6. हे0का0 विजय दुबे थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 7. का0 सूरज कुमार थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 8. का0 अजय यादव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

## सपा कार्यालय पर बड़े धूमधाम से मनाया गया महर्षि वाल्मीकि का जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महर्षि वाल्मीकि का जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए सपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा महर्षि वाल्मीकि का नाम रत्नाकर था और




उनका पालन जंगल में रहने वाले भील जाति में हुआ था जिस कारण उन्होंने भीलों की परंपरा को अपनाया और आजीविका के लिए डाकू बन गए अपने परिवार के पालन पोषण के लिए हुए राहगीरी को लूटते थे जरूरत होने पर मारते भी थें इस प्रकार दिन प्रतिदिन अपने पापों का घड़ा भर रहे थे एक दिन उन्होंने जंगल से नारद मुनि निकल रहे थे उन्हें देख रत्नाकर ने उन्हें बंदी बना लिया नारद मुनि ने उनसे सवाल किया कि तुम ऐसे पाप क्यों कर रहे हो रत्नाकर ने जवाब दिया अपने एवंम परिवार के जीवनव्यापन के लिए तब नारद मुनि ने पूछा जिस परिवार के लिए तुम ये पाप कर रहे हो क्या वह परिवार तुम्हारे पापों के फल का भी वहन करेगा इस पर रत्नाकर जोश के साथ कहा हां बिल्कुल करेगा मेरा परिवार सदा मेरे साथ खड़ा रहेगा नारद मुनि ने कहा एक बार उनसे पूछ तो लो अगर वह ऐसा कहेंगे तो मैं तुम्हें अपना सारा धन दे दूंगा रत्नाकर ने अपने सभी परिवारों एवं मित्रों से पूछा लेकिन किसी ने इस बात की हामी नहीं भरी इस बात का रत्नाकर पर गहरा आघात पहुंचा और उन्होंने दुराचारी मार्ग को छोड़ तप का मार्ग चुना एंवम कई वर्षों ध्यान तपस्या कि जिससे फलस्वरूप उन्हें महर्षि वाल्मीकि नाम एंवम ज्ञान की प्राप्ति हुई उन्होंने संस्कृत भाषा में रामायण महा ग्रंथ रचना की इस प्रकार एक घटना ने डाकू रत्नाकर को एक महा रचयिता महर्षि वाल्मीकि बना दिया जंयती के अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष राजबहादुर यादव,राजन यादव प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, श्रवण जयसवाल,आदि उपस्थित रहे।

## 25 हजार का इनामिया गो तस्कर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपराधियों की धरपकड़ हेतु पुलिस अधीक्षक अजय शाहनी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार देर रात शाहगंज व सरपतहाँ पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ं में एक शातिर अन्तर्जनपदीय 25 हजार का ईनामिया उमेश यादव गौ–तस्कर को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इस दौरान उसके पैर में गोली लग गयी।पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसके कब्जे से एक देशी तमंचा .315 बोर,दो खोखा कारतूस .315 बोर, एक जिन्दा कारतूस .315 बोर ,एक मोबाइल व चोरी की बाइक बरामद किया है। बदमाश के खिलाफ अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में सोमवार को जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था बदमाशों द्वारा संयुक्त टीम पर फायरिंग की गई जबाबी कार्यवाही में एक बदमाश घायल हुआ है जिसका इलाज अस्पताल में कराया जा रहा है ये बदमाश काफी शातिर किस्म का है इसके ऊपर 1 दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है पकड़े गए बदमाश के पास मोटरसाइकिल तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। बदमाश आसपास के सात जनपदों में के घटनाओ को अंजाम दे चुका है। बदमाश 25000 का इनामिया है बाराबंकी जनपद का वांटेड है।अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेस पार्टी द्वारा महापुरुषों की मनाई गई पुण्यतिथि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व सांसद विकास पुरुष स्व कमला सिंह जी एवं पूर्व विधायक स्व रामकृष्ण उपाध्याय जी की पुण्यतिथि मनाई गई! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ देवेश



चंद्र उपाध्याय पूर्व प्राचार्य जी रहे! अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज और संचालन विशाल सिंह हुकुम ने किया! दोनो महापुरुषों को माल्यार्पण के पश्चात गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसको सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की जनपद के विकास में इन दोनो जनप्रतिनिधिओं का स्वास्थ शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में विशेष योगदान रहा है! इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि विकास पुरुष पूर्व सांसद कमला सिंह जी एवं पूर्व विधायक रामकृष्ण उपाध्याय जी के द्वारा जौनपुर में विकास की एक नई इबादत लिखी गई! नवोदय विद्यालय, सिधवन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना कताई मिल स्टेडियम इत्यादि कई महत्वूर्ण योजनाए इनके द्वारा जिले में लाई गई! आज हम कांग्रेस जनो को इनके पदचिन्हो पर चलने का संकल्प लेना चाहिए! अंत में सभी कांग्रेस जनो ने धरती पुत्र पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव जी के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी! डॉ राकेश उपाध्याय जी ने सभा में आए समस्त अतिथिओ को धन्यवाद ज्ञापित किया! इस अवसर पर दया सागर राय, इंद्रसेन श्रीवास्तव, देवराज पाण्डेय, सुरेंद्र वीर विक्रम सिंह, गौरव सिंह सनी, सुरेंद्र त्रिपाठी, धर्मेंद्र निषाद, प्रमोद मिश्रा, नरेंद्र पटेल, अजय सोनकर, संतोष मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, संदीप निषाद, निसार इलाही, अमन सिन्हा, आदि मौजूद रहे।

## अम्रपाली दुबे ने किया आयोजकों के साथ गरबा डांडिया डांस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अम्रपाली दुबे ने किया आयोजकों के साथ गरबा डांडिया डांस सैकड़ों जोड़ों ने राजमहल डांडिया महोत्सव में किया प्रतिभाग नगर के राज महल में गहना कोठी द्वारा प्रायोजित फ्रेंड्स ग्रुप ट्रस्ट जारा इवेंट द्वारा आयोजित डांडिया महोत्सव 8 का आयोजन हुआ जिसमें निर्णायक मंडल के रूप में भोजपुरी सुपरस्टार आम्रपाली दुबे ने निर्णायक मंडल के साथ–साथ डांडिया और गरबा के नृत्य भी किया कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा जी की आरती अतिथि विधायक रमेश मिश्रा विधायक विधान परिषद बृजेश सिंह चतपर्दीन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद माया टंडन एडीएम रामप्रकाश ईओ नगर पालिका संतोष मिश्रा ने संयुक्त रूप से करके किया कार्यक्रम में विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं हुई जिसमें बेस्ट फीमेल डांडिया वंशिका सिंह बेस्ट डांडिया आशीष माली बेस्ट किड डांडिया आराध्या सिंह बेस्ट ग्रुप शादाब ग्रुप बेस्ट कपल नवीन कुमार मिश्रा ने खिताब हासिल किया अम्रपाली दुबे जी ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहां की मैं तो देश–विदेश घूमती हूं पूर्वांचल का अब तक का सबसे बड़ा डांडिया महोत्सव देखने को मिला आज अतिथियों का स्वागत विनीत सेठ ने



किया आभार आयोजक सलमान शेख ने किया कार्यक्रम का संचालन सागर सिंह सोलंकी जयंती इशिता शर्मा ने संयुक्त रूप से किया इस अवसर पर डॉ अजीत कपूर डॉक्टर सुभा सिंह डॉ मधु शारदा डॉ शैली निगम डॉक्टर अंबर खान मधुकर तिवारी मनोज वत्स जितेंद्र यादव मिनाज शेख सरला महेश्वरी सुधांशु सिंह दीपक सिंह राजेंद्र प्रसाद सिंह राजकुमार सिंह कमर हसनैन दीपू दीपक श्रीवास्तव कपिल देव मोरया मुन्ना मिश्रा जितेंद्र यादव आदि लोक परिवार सहित उपस्थित रहे।

## न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न : प्रतिभागियों को ट्राफी व पुरस्कार वितरित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ सम्पन्न प्रतिभागियों को ट्राफी व पुरस्कार वितरित किया गया। आज केराकत ब्लॉक के न्यायपंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता संयुक्त रूप से न्याय पंचायत देवराई व उमरवार का कंपोजिट विद्यालय देवराई के खेल मैदान में किया गयाद्य सर्वप्रथम प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर प्राथमिक शिक्षक संघ केराकत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शैलेंद्र कुमार सिंह व वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह जी द्वारा किया गया‸ जिसमें नोडल संकुल श्याम अवतार चौरसिया व श्री विनय कुमार मौर्या व प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार घुड़दौड़, राजेश कुमार पारापट्टी , अरविंद कुमार जमुआ, प्रवीण प्रकाश सिंह व शिक्षक गण जितेंद्र कुमार, सतीश कुमार सिंह, संजीव कुमार यादव व खेल शिक्षक ध्रुव कुमार सिंह, अरुण कुमार व समस्त शिक्षक गण संविलियन विद्यालय देवराई की देखरेख में संपन्न हुआ। अंत में संविलियन विद्यालय देवराई के प्रधानाध्यापक श्री विकास कुमार सिंह जी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी टीमों को ट्राफी व प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र और छात्राओं को पुरस्कार भी वितरण किया गया। कबड्डी की जूनियर के बालक वर्ग में पारापट्टी व बालिका वर्ग में देवराई जबकि प्राथमिक के बालक व बालिका दोनों वर्ग में देवराई की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि खो–खो में जूनियर की बालिका वर्ग में देवराई व बालक वर्ग




में पारापट्टी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर की दौड़ में विवेक राजभर कक्षा 8 पारपट्टी बालक वर्ग में, शिवांगी कक्षा 7 पारपट्टी बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया! जबकि 200 मीटर की दौड़ में आशीष यादव कक्षा आठ घुड़दौड़ वह संध्या कक्षा 7 देवराई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर की दौड़ में साहिल राज कक्षा आठ घुड़दौड़ व संध्या कक्षा 7 देवराई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार प्राथमिक वर्ग के 50 मीटर की दौड़ में सिवाकुमार कक्षा 5 देवराई व काजल कक्षा 5 पारापट्टी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि 100 मीटर की दौड़ में शिवाकुमार ही कक्षा 5 देवराई व काजल कक्षा 5 पारापट्टीने ही प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## भाजपा महिला मोर्चा काशी क्षेत्र का प्रशिक्षण वर्ग कल होगा आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कल दिनांक 11 अक्टूबर को भाजपा जिला कार्यालय पर काशी क्षेत्र की महिला मोर्चा की प्रशिक्षण वर्ग क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया के अध्यक्षता में आयोजित होगा। प्रथम सत्र का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य एव जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सयुक्त रूप से करेंगे जिसमे शाहगंज के नगरपालिका अध्यक्ष गीता जायसवाल भी उपस्थित रहेगी। द्वितीय सत्र को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी महिला मोर्चा विजय बहादुर पाठक सम्बोधित करेंगे। तृतीय सत्र को राज्य सभा सांसद एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीमा द्विवेदी सम्बोधित करेगी। उसके उपरान्त सवा घण्टे का लन्च ब्रेक रहेगा। चतुर्थ सत्र दोपहर 2:30 से शुरू होगा जिसको प्रदेश महामंत्री भाजपार्टी महिला मोर्चा उषा मौर्या सम्बोधित करेगी। पांचवे एव समापन सत्र को भाजपा के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सम्बोधित करेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में काशी क्षेत्र महिला मोर्चा की क्षेत्रीय टीम एवं कार्यसमिति सदस्य और 16 जिले की जिलाध्यक्ष एवं उनकी महामंत्री द्वय रहेगी। प्रशिक्षण वर्ग के लिए क्षेत्रीय मंत्री मेनका सिंह जी को क्षेत्रीय संयोजक की जिम्मेदारी क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया द्वारा दी गयी है।

## रेस्टोरेंट तन्दूरवाला में क्लब की गतिविधियों के सम्बन्ध में एक परिचर्चा गोष्ठी आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाज के वंचित वर्गों एवं महिलाओं के बहुविध कल्याण हेतु समर्पित अन्तर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक संस्था सिराज–ए–हिन्द इनरव्हीलक्लब जौनपुर की आधिकारिक यात्रा पर लखनऊ से पधारीं इनरव्हीलक्लब डिस्ट्रिक्ट– 312 की चेयरपर्सन डा.वर्षा विनय कुमार द्वारा क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ रेस्टोरेंट तन्दूरवाला में क्लब की गतिविधियों के सम्बन्ध में एक परिचर्चा गोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम आरंभ के अवसर पर चेयरपर्सन का शानदार स्वागत क्लब अध्यक्ष मृदुला सिंह,सचिव ममता मिश्रा व उपस्थित सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। परिचर्चा का आरंभ कार्यक्रम का संचालन कर रहीं प्रतिक्षा सिंह द्वारा डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन के जीवन परिचय, क्लब के संस्थापक तथा अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के परिचय,क्लब स्थापना के उद्देश्यों,आदर्शों तथा महिलाओं के उत्थान व विकास हेतु सदस्यों के योगदान से संचालित की जाने वाली विविध गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर की गयी। क्लब अध्यक्ष श्रीमती मृदुला सिंह द्वारा अपने इनरव्हीलक्लब क्लब जौनपुर द्वारा अब तक की गई गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि क्लब ने मैत्री व सहयोग की मूल भावना को ध्यान में रखकर महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके उत्थान के साथ अन्य सामाजिक कार्य यथा पौधरोपण, ठेला व स्ट्रीट वेंडर्स को छतरी,निर्धन छात्र,छात्राओं को पाठ्य–सामाग्री, बेटी दिवस पर स्कूल आने जाने हेतु सायकिल,पोषाहार आदि उपलब्ध कराने का कार्य किया है तथा बिमारी एवं महामारी में भी क्लब चिकित्सा/जांच शिविर, वृद्धजनों,दिव्यांग जनों के देखभाल आदि के माध्यम से समाज सेवा में अहर्निश संलग्न रहा है। क्लब सचिव ममता मिश्रा द्वारा क्लब गतिविधियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया गया कि हरियाली तीज, नवरात्रि में जागरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर जहां क्लब ने मैत्री व सहयोग की भावना में वृद्धि किया वहीं क्लब द्वारा विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर कल्पतरु चिकित्सालय में जांच शिविर,बेटी दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों को सायकिल व पाठ्य सामाग्री उपलब्ध करा कर व किशोर वय बेटियों के लिए विद्यालय में सैनेट्री पैड वेंडिंग मशीन स्थापित कर, पन्द्रह अगस्त पर पौधरोपण, जलसंरक्षण, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य करने का प्रयास किया है। चेयरपर्सन डॉ वर्षा विनय कुमार ने क्लब की गतिविधियों पर प्रसन्नता जताई तथा क्लब की सक्रिय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला सिंह के नेतृत्व में सामाजिक व महिलाओं के उत्थान हेतु किये जा रहे कार्यों को अन्य क्लबों हेतु प्रेरणादायक प्रोत्साहित करने वाला बताया तथा अपने स्तर पर हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। परिचर्चा के समापन के उपरान्त क्षेत्र भ्रमण के क्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन ने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में सृजन संस्था द्वारा संचालित दिव्यांग विद्यालय सुंगुलपुर में उपस्थित होकर संवेदनशील क्लब सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय द्वारा उपलब्ध कराए गए श्रवण यंत्र,स्कूल बैग,दिव्यांग बच्चों के पसन्द की खाद्य सामाग्री वितरित की गई तथा क्लब सचिव ममता मिश्रा के सौजन्य से व्हीलचेयर,ट्राई साइकिल जरुरतमंद दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चार्टर अध्यक्ष नीलम सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुनीता सिंह, दमयंती सिंह, उपाध्यक्ष सरोज सिंह,कोषाध्यक्ष शोभा सिंह,एडिटर संध्या सिंह,मीना संजय सिंह,मीना दिनेश सिंह,शशी सिंह,अर्चना उपाध्याय का विशेष योगदान रहा। सभी सदस्यों ने विदुषी व मृदुभाषी चेयरपर्सन को उपहार व मंगलकामनाओं के साथ विदा किया। क्लब अध्यक्ष मृदुला सिंह जूही द्वारा अपना बहुमूल्य समय व सक्रिय योगदान देकर महत्वपूर्ण चेयरपर्सन विजिट को सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी सम्मानित सदस्यों व पदाधिकारियों का धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया गया। उक्त सभी कार्यक्रमों के सकुशल, विद्वत्तापूर्ण संचालन के लिए क्लब सदस्य प्रतीक्षा सिंह को अध्यक्ष व अन्य क्लब सदस्यों ने विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

# अल्लीपुर महाविद्यालय के बी0एड0 के विद्यार्थियों ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ कर रचा नया इतिहास

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय हरदोई। सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान के संस्थापक– प्रबंधक डॉ सुशील चन्द्र त्रिवेदी ''मधुपेश'' जी ने शिक्षोन्नयन की संकल्पना के साथ संस्थान की स्थापना की थी उसकी सफलता की कहानी का परिणित रूप आज हमारे सामने संस्थान द्वारा संचालित डॉ.राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अल्लीपुर, हरदोई का बी0एड0का घोषित परीक्षा परिणाम है । छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय की 'श्रेया शुक्ला ने 93.5ः अंक प्राप्त कर प्रथम , प्रभात त्रिपाठी ने 90.83ः अंक पाकर द्वितीय तथा सोफिया बानो ने 90.5ः अंक पाकर तृतीय स्थान' प्राप्त किया परीक्षा में सम्मिलित 70 विद्यार्थियों ने '44 विद्यार्थियों ने 80ः से अधिक' अंक अर्जित किए। डॉ. राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अल्लीपुर, हरदोई ने अपने ही रिकॉर्ड को एक बार पुनः स्वयं तोड़ते हुए नया इतिहास लिखा है इस महाविद्यालय के बी.एड.विभाग के विगत 7 सत्रों से सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं जो एक रिकॉर्ड है जबकि 26 छात्र व छात्राओं ने 72ः से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त कर जनपद को गौरवान्वित किया है अर्थात 'सभी 72ः से अधिक अंकों से उत्तीर्ण' हैं 'प्रथम प्रश्न पत्र में महाविद्यालय की छात्रा जया अग्निहोत्री ने 100 में 100 अंक प्राप्त कर कीर्तिमान रचा' है तो वहीं अन्य प्रश्न पत्रों में प्रभात त्रिपाठी और सोफिया बानो ने 100 में से 98 अंत श्रेया ,लक्ष्मी, गोपाल, रिजवान तथा पूनम आदि 11 बच्चों ने 100 में से 90 से अधिक अंक प्राप्त कर अपना लोहा मनवाया है । संस्थान के निदेशक ने सफलता के लिए महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी उन्होंने बताया कि शैक्षिक गतिविधियों में एम.एस–सी.( जंतु विज्ञान ,वनस्पति विज्ञान तथा रसायन विज्ञान) एम. ए. (शिक्षाशास्त्र) बी.एस–सी. आदि विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए 'महाविद्यालय को 12 स्वर्ण पदक' छात्र–छात्राओं को प्राप्त कराने वाला जनपद ही नहीं वरन विश्वविद्यालय के ग्रामीण अंचल का पहला महाविद्यालय है । महाविद्यालय की बालकों की क्रिकेट टीम अंतर्हाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय विजेता रही है तथा बालिका वर्ग में खो–खो की टीम विश्वविद्यालय की उपविजेता का खिताब अपने नाम किया है। महाविद्यालय द्वारा देश सेवाभाव जागृत करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना



(एन.एस.एस. )भारत स्काउट और गाइड शिविरों का आयोजन खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम सेमिनार कार्यशाला का आयोजन नियमित किया जाता है महाविद्यालय भारत के व्यवहारिक ज्ञान के लिए प्रतिवर्ष कोलकाता,हरिद्वार, देहरादून, आगरा आदि स्थानों का बच्चों का शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से ज्ञानार्जन कराता है इस सत्र में वृंदावन का शैक्षिक भ्रमण आयोजन किया गया ।साथ ही इस वर्ष कैंपस सिलेक्शन से कई बच्चों ने नौकरी भी प्राप्त की है ।बी. एड. विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि ने मिठाई खिलाकर सभी बच्चों तथा अपने शिक्षक टीम को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ शशिकांत पांडे, श्री आनंद विशारद, डॉ.विवेक बाजपेई, श्रीमती शालिनी शुक्ला, मोनी सिंह आदि शिक्षकों के साथ सुप्रिया,मुकेश, तिवारी आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह सफलता माता पिता के आशीर्वाद गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन से प्राप्त हुई है अलीपुर महाविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण के लिए एक आदर्श हैं जहां भविष्य में सफल शिक्षक बनने की नींव तैयार की जाती है प्रथम स्थान – श्रेया शुक्ला 93.50प्रतिशत तथा प्रथम प्रश्नपत्र में 100 में 98 अंक प्राप्त' कठिन परिश्रम ही एकमात्र सफलता की कुंजी है तो शिक्षकों का दिशानिर्देश पथ प्रदर्शन है और अंग्रजों का आशीष कवच जिससे यह स्थान प्राप्त हुआ है महाविद्यालय में शिक्षक बनने के लिए हम बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जाता है द्वितीय स्थान –प्रभाकर त्रिपाठी 90. 83 प्रतिशत तथा प्रथम प्रश्न पत्र में 100 में 98 अंक प्राप्त मंजिल का मुकाम हासिल करने के लिए गलत एकाग्रता और समर्पण होना चाहिए महाविद्यालय के योग्य शिक्षक छात्रों के गुणों को जौहरी की भांति परखते हैं तथा अपने ज्ञान से तराश कर बेशकीमती हीरा बनाने का हुनर रखते हैं जिसका परिणाम हम लोगों के प्रति इस सत्र का प्रगतिशील परीक्षा फल है तृतीय स्थान– सोफिया बानो 90. 5 प्रतिशत तथा प्रथम प्रश्न पत्र में 100 में 98 अंक प्राप्त विश्वविद्यालय परीक्षा में प्रथम प्रश्न पत्र में 100 में से 100 अंक प्राप्त करना हमारे अलीपुर महाविद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन व अध्यापन का द्योतक है जहां थ्योरी और प्रयोगात्मक कार्य के कारण हम सब श्रेष्ठ शिक्षक बनकर राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दे सकेंगे। कुमारी जयाअग्निहोत्री89.67 प्रतिशत तथा प्रथम सत्र में 100 में 100 अंक प्राप्त।

# यूपी में बाढ़–बारिश से 34 लोगों की मौत : 45 जिलों में भारी बरसात का अलर्ट : कई जगह स्कूल बंद

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में बारिश का कहर जारी है। रविवार को प्रदेश भर में बाढ़ और बारिश सहित कई घटनाओं में 34 लोगों की मौत हो गई है। बाढ़ का खतरा कई और जिलों को अपनी जद में लेगा, ऐसी आशंका है। इसी आशंका के मद्देनजर शासन की ओर से लखनऊ समेत 45 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी लखनऊ सहित राज्य के कई जिलों में आज स्कूल बंद रखने के आदेश भी स्थानीय प्रशासन की ओर से दिए गए हैं। बारिश फिलहाल चिंता बढ़ाती रहेगी। मौसम विभाग ने रविवार को फिर कई जिलों के लिए चेतावनी जारी की है। बरसात तो पूरे प्रदेश में होने के आसार हैं, लेकिन मुरादाबाद, रामपुर, बरेली व आसपास के इलाकों में भारी से ज्यादा भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ समेत प्रदेश में कई जिलों में दस और 11 अक्टूबर को स्कूल बंद रखने के डीएम ने निर्देश जारी किए हैं। मौसम बुलेटिन के मुताबिक, लखनऊ, मेरठ, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, कांशीरमनगर समेत 40 से अधिक जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां पर भारी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। वहीं ललितपुर, वाराणसी, प्रयागरजा, सोनभद्र आदि इलाकों को चेतावनी से दूर रखते हुए बारिश के आसार जताए गए हैं। जारी आंकड़ों के मुताबिक, मेरठ और अलीगढ़ में तेज बारिश हुई। यहां पर 48 मिमी से ज्यादा बरसात रिकॉर्ड की गई है। लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा में डीएम ने दस अक्टूबर को सभी स्कूल बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं। रामपुर में जिले के सभी स्कूलों को सोमवार तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने सोमवार को जिले में सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी कर दिया है। आगरा जिले में नर्सरी से कक्षा 12 तक के सभी बोर्ड के विद्यालयों को दो दिन तक बंद कर दिया है। 10 और 11 अक्तूबर को अवकाश की अवधि में शिक्षकों की ओर से प्रशिक्षण सहित अन्य विभागीय कार्य किए जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) मनोज कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अनुमति से अवकाश घोषित किया गया है। सभी बोर्ड के राजकीय, परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर आदेश लागू होगा। इसका कड़ाई से अनुपालन करने के लिए कहा गया है। अलीगढ़ में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के आदेशानुसार लगातार रुक–रुक कर हो रही बरसात के कारण जिले में संचालित कक्षा एक से कक्षा 12 तक समस्त बोर्ड के विद्यालयों को 10 से 11 अक्तूबर तक



का अवकाश घोषित किया है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उक्त आदेश का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। मेरठ में भारी बारिश के चलते 10 अक्टूबर को स्कूलों की छुट्टी रहेगी। डीएम दीपक मीणा ने कहा कि कक्षा–12 तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे। बागपत में डीएम राजकमल यादव ने 10 तारीख को स्कूल बंद करने के निर्देश दिए हैं। बिजनौर में भी बारिश के चलते सोमवार को एक से कक्षा आठवीं तक अवकाश घोषित किया गया। बारिश के कारण 34 की मौत लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच रविवार को प्रदेश में 34 लोगों की मौत हो गई। इनमें बिजली गिरने, मकान ढहने और नदियों में बहने से हुई मौतें शामिल हैं। धान और गन्ने समेत दलहनी फसलें भी प्रभावित हुई हैं। कई जगहों पर पशुओं की भी मौत हो गई है। सीएम योगी ने इन घटनाओं पर दुख व्यक्त करते हुए हादसे के शिकार हुए लोगों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये मदद की घोषणा की। पूरे प्रदेश में अस्पताल अलर्ट पर मौसम विभाग की ओर से सोमवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी होने के बाद पूरे प्रदेश के अस्पतालों को भी अलर्ट मोड पर कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने देर रात इसे लेकर ट्वीट भी किया। उन्होंने निर्देश दिया कि अलर्ट को देखते हुए चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सभी अधिकारी, मेडिकल कॉलेज, संस्थान, अस्पताल, सीएमओ, डॉक्टर्स एवं सभी संबंधित स्टॉफ आपातकालीन सेवा हेतु तैयार रहे। सीएम योगी का निर्देश– मैदान में उतरें अफसर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण करने के लिए खुद मैदान में उतरने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावितों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से राहत सामग्री वितरित करें। जनहानि पर शासन से अनुमन्य राहत राशि पीड़ित परिवार को शीघ्र दें। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के अलावा स्थानीय स्तर पर भी टीमों को अलर्ट किया जाए। विभागीय मंत्री भी भौतिक निरीक्षण करें। राजस्व टीमें फसलों के नुकसान का आकलन करें। किसानों की मदद के लिए सरकार तैयार है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान दिवस समारोह का सफल आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर विकास विभाग द्वारा रविवार को सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि माननीय नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने स्थानीय निकाय निदेशालय स्थित विशाखा सभागार में प्रदेश के कई जिलों से आए सफाई मित्रों को सम्मानित कर सुरक्षा किट बांटी। इस अवसर पर माननीय नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने सफाई मित्रों को उत्तर प्रदेश को देश का सबसे स्वच्छ राज्य बनाने का लक्ष्य दिया। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित इस सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान दिवस समारोह में अपर मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) श्रीमती जे. रीभा ने पुष्पगुच्छ देकर नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा का स्वागत किया। माननीय नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय एवं राज्य सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोनचंद्र वाल्मीकि, उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वाल्मीकि के साथ महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान कर्तव्यनिष्ठ सफाई मित्रों को शॉल व सुरक्षा किट देकर सम्मानित किया गया। नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने गाजियाबाद, वाराणसी, जैथरा समेत अन्य नगरीय निकायों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। प्रदेश के सभी नगर निकायों के जिम्मेदारों को सफाई मित्रों का सम्मान करने और उनका सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। यूपी को देश में नम्बर 1 बनाना है : श्री ए.के शर्मा माननीय नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने प्रदेश के सफाई मित्रों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुबह 4–5 बजे घरों से निकलने वाले सफाई मित्रों की मेहनत के कारण ही शहर स्वच्छ बन रहे हैं। उन्होंने सफाई मित्रों से उत्तर प्रदेश को देश का सबसे स्वच्छ प्रदेश बनाने की अपील की। कहा कि त्योहारों पर प्रदेश के नगरों को साफ सुधरा बनाएं। इस दौरान माननीय मंत्री जी ने सफाई मित्रों के हितों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों की सेवा को लेकर समस्याओं को दूर करने पर काम किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश के सभी नगर निकायों में एक विशेष सेल बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस सेल में सफाई मित्रों के लिए आयुष्मान, आवास जैसी योजनाएं सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में उत्तर प्रदेश को नम्बर 1 बनाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने मंच से सफाई मित्रों के प्रयासों की खुलकर प्रशंसा भी की। नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने इस अवसर पर कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों में साफ–सफाई के प्रति जागरूकता आई है। श्री ए. के. शर्मा जी ने कहा कि प्रदेश की 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को बनाने में सफाई मित्रों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। प्रदेश में धन–वैभव, सुख–समृद्धि लाने के लिए सफाई बहुत आवश्यक है। इसी प्रकार नगरी निकायों में समृद्धि तभी आएगी जब वे स्वच्छ होंगे। उन्होंने सफाई कर्मियों से कहा कि निकाय आपके घर जैसे हैं, इन्हें अपना घर मानकर ही साफ करें। आपके कार्यों से स्वयं के साथ आसपास के लोगों को भी सुकून मिलता है। उन्होंने गंदगी फैलाने वालों को भी चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को अब गुड–टू–ग्रेट बनाना है। अब किसी भी शहर में कूड़ा कचरा का ढेर नहीं दिखना चाहिए। गंदे स्थानों को साफ कर पार्क बनाए जाएं, उपयोगी स्थानों के रूप में विकसित किया जाए। इसी प्रकार प्रदेश के 70 हजार सार्वजनिक शौचालयों को भी साफ सुथरा रखना है। उन्होंने कहा कि चलता है वाला शब्द अब यूपी में नहीं



चलेगा। कार्य को अच्छी तरीके से करके दिखाना होगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 750 से ज्यादा स्थानों पर सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान दिवस मनाया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, निकाय पदाधिकारियों, अधिकारियों, महापौर द्वारा सफाई मित्रों का सम्मान किया गया और उन्हें सुरक्षा किट भी प्रदान की गई। सफाई मित्रो के सम्मान में आज नगरीय निकाय निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में भी 500 से ज्यादा सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। पूरे प्रदेश से 26 हजार से ज्यादा लोग ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सभी नगरीय निकायों में आज लगभग 10,000 सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। पहली बार मिला ऐसा सम्मान उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय एवं राज्य सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोनचंद्र वाल्मीकि ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माननीय मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज आजादी के बाद पहली बार वाल्मीकि समाज और सफाई मित्रों को इस प्रकार से सम्मानित किया गया। इसके लिए अभिनंदन है। इस दौरान श्री सोनचंद्र वाल्मीकि ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में उनका पूरा समाज लगा हुआ है। वह इसे पूरा करके दिखाएंगे। इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी राहुल वाल्मीकि ने कहा कि पहली बार इस तरह से सम्मान प्राप्त करने का अवसर मिला है। सफाई मित्रों के सहयोग के बिना स्वच्छ भारत का मिशन अधूरा प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग श्री अमृत अभिजात ने इस दौरान सफाई मित्रों की समस्याओं को लेकर औपचारिक रूप से बैठक कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि हाल में ही नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश को कई अवार्ड मिले। उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों के सहयोग के बिना स्वच्छ भारत मिशन की परिकल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों के सहयोग से प्रदेश के शहर साफ हुए हैं। इसके अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना शुरू की है। इसमें माननीय मुख्यमंत्री जी का सड़क , शौचालय, जल निकासी जैसी सुविधाओं को उपलब्ध कराने की प्राथमिकता है। उन्होंने सफाई मित्रों के प्रयासों की सराहना की। कहा कि आप शहरों को उस लायक बनाते हैं कि लोग अच्छे से घूम सकें, साफ रह सकें और बीमारियों से दूर रहें। स्वच्छ भारत मिशन की पहले सिपाही हैं सफाई मित्र पर मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) श्रीमती जे. रीभा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छ उत्तर प्रदेश के महाभियान में सफाई मित्र महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वो इस अभियान के पहले सिपाही हैं। नगर विकास विभाग सफाई मित्रों की सुरक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। हाथ से मैला ढोने की प्रथा अब पूर्णत खत्म हो चुकी है और अब मशीनों द्वारा ही सफाई का किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता पर हमने एक लंबा सफर तय किया है। मेनहोल से हम मशीनहोल तक पहुंचे हैं। अब सभी सीवर व सेप्टिक टैंक की सफाई मशीनों से होती है। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा और माननीय नगर विकास मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा जी के नेतृत्व में नगर विकास विभाग समय–समय पर वाल्मिकी समाज के लिए जागरुकता कार्यक्रम, वर्कशॉप आदि का आयोजन लगातार कर रहा है ।जिसमें सफाई मित्रों के उत्थान के लिए भारत सरकार द्वारा उनके पुनर्वास की विभिन्न योजनाओं एवं लोन संबंधी जानकारियां प्रदान की जाती हैं। इसी क्रम में हमारे प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर प्रदेश के सफाई कर्मियों के सम्मान में आज 'सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान दिवस' के रूप में सभी नगर निकायों में मनाया जाने का निर्णय लिया। मातृ शक्ति मिशन के तहत महिला सफाई कर्मियों को भी विशेष प्रोत्साहन एवं सम्मान दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग श्री अमृत अभिजात, अपर मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) श्रीमती जे. रीभा, उप निदेशक नगरीय निकाय श्रीमती रश्मि सिंह के साथ उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वाल्मीकि, उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय एवं राज्य सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोनचंद्र वाल्मीकि, अपर निदेशक नगर निकाय डॉ. असलम अंसारी, उप निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) डॉ. सुनील कुमार यादव समेत कई वरिष्ठ विभागीय अधिकारी गण और प्रदेश के कई जिलों से आए सफाई मित्र मौजूद रहे।

# गंदगी जलभराव और बजबजाती नालियों से मोहल्ले वाले परेशान : बढ़ा संक्रामक रोग फैलने का खतरा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : तीन दिनों से हो रही बरसात से नगर के सुभाष नगर मोहल्ले में जलभराव और बजबजाती नालियों ने मोहल्ला वासियों का जीवन नर्क कर दिया है हालत यह है कि यहां के मोहल्ला वासी गलियों में भरे गंदे पानी में घुसकर निकलने को मजबूर है इस गंदगी से कभी भी कोई संक्रमण बीमारी भी फैल सकती है मोहल्ले वासियों ने समस्या से निराकरण की मांग उठाई है। नगर के मोहल्ला सुभाष नगर में हरिओम चक्की वाली गली से जुड़ी कई गलियों में जलभराव और नालियों में गंदगी व्याप्त है यहां मच्छरों का बोलबाला है मोहल्ले के श्याम सिंह किरण यादव राजकिशोर राधेश्याम कुशवाहा, निकिता, अन्नू आदि ने बताया वह लोग गली में भरे गंदे पानी से गुजर कर ही घर तक पहुंचते हैं उन्होंने कहा कि मोहल्ले में पक्की सड़कें और नालियों की मरम्मत कराए जाने की जरूरत है



मोहल्ले वालों ने कहा की गंदगी के कारण और जलभराव तथा पानी का निकास न होने के चलते मोहल्ले में नर्क बना हुआ है मोहल्ले वासियों ने उच्चाधिकारियों से निजात दिलाने तथा छिड़काव कराने की मांग की है उन्होंने कहा कि संक्रामक रोग फैलने से रोकने के कारगर कदम उठाए जाने की जरूरत है।

## नेताजी ने स्वीकार किया था गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा का अनुरोध

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यह फोटो उस समय की है जब श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का 400वां प्रकाश पर्व 2004 में मनाया जा



रहा था तब श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब से एक नगर कीर्तन पूरे देश में निकाला गया था जब वह नगर कीर्तन लखनऊ पहुंचा तब उस समय के मुख्य मंत्री माननीय श्री मुलायम सिंह यादव जी और उनके साथ जिलाधिकारी आराधना शुक्ला जी ने गुरूद्वारा साहिब में आकर नगर कीर्तन का स्वागत किया था उस समय गुरूद्वाराप्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा ने माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध किया कि 400वां गुरू ग्रन्थ साहिब जी का प्रकाश पर्व है कभी भी गुरू ग्रन्थ साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर अवकाश की घोषणा नहीं हुई है मेरा आपसे अनुरोध है कि यह एक महत्वपूर्ण पर्व है इस अवसर पर अकाल तख्त के जत्थेदार वेदान्ती साहिब एवं अकाली दल के विधायक एवं सदस्य भी वहां मौजूद थे आप इस पावन पर्व पर अवकाश की घोषणा कर दीजिए अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा के अनुरोध पर उन्होंने अवकाश की घोषणा कर दी इसके लिए श्री बग्गा ने उनका आभार व्यक्त किया।

## मुलायम सिंह यादव का था 'हरदोई' से घनिष्ठ रिश्ता



हरदोई,(अम्बरीष कुमार सक्सेना) पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का हरदोई से विशेष नाता रहा यहां पर परमाई लाल के परिवार से उनका विशेष स्नेह रहा। आज भी उनके परिवार के लोग उनसे जुड़े हुए हैं। हरदोई के रहने वाले राजपाल कश्यप को उन्होंने छात्र राजनीति से विधान परिषद तक पहुंचाया। लोकतांत्रिक पार्टी व भाजपा का गठबंधन टूटने के बाद नरेश अग्रवाल को उन्होंने अपने साथ लेकर उन्हें राजनैतिक सहयोग दिया। जिले से मुलायम सिंह यादव का विशेष लगाव रहा। उन्होंने यहां के नेता परमाई लाल को राजनीति में आगे बढ़ाया परमाई लाल को प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया उनकी दो बहुओं को सांसद व विधायक बनाया। उनकी बहू उषा वर्मा ने सांसद रहने के दौरान मुलायम सिंह यादव का बहुत सहयोग किया। जब अटल बिहारी वाजपेई की सरकार एक वोट से गिरी थी। तब भाजपा ने उषा वर्मा से सहयोग मांगा था जिससे उनकी सरकार बची रहे, लेकिन उषा वर्मा ने अपने ससुर परमाई लाल और मुलायम सिंह यादव के आपसी रिश्तों की इज्जत रखते हुए सपा का साथ नहीं छोड़ा था। जिले के रहने वाले राजपाल कश्यप लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र संघ का चुनाव लड़े वही से वह मुलायम के साथ हो लिए। मुलायम के सहयोग से ही वह विधान परिषद सदस्य बने। वही अखिलेश यादव की सरकार में मत्स्य आयोग के अध्यक्ष रहे और उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा मिला। हरदोई के रहने वाले विश्राम सिंह यादव को उन्होंने विधायक बनाया विश्राम सिंह यादव से भी उनके पारिवारिक रिश्ते रहे। धर्मज्ञ मिश्रा जिले के कद्दावर नेता हुआ करते थे, उनका भी मुलायम सिंह यादव ने सहयोग कर उन्हें अपने साथ लिया। जब धर्मज्ञ मिश्र ने कांग्रेस छोड़ दी उसके बाद मुलायम सिंह यादव ने ही उन्हें सहयोग देकर दोबारा विधानसभा पहुंचाया। नरेश अग्रवाल लोकतांत्रिक कांग्रेस व भाजपा के साथ मिलकर प्रदेश में सरकार चला रहे थे लेकिन अचानक उन्हें भाजपा ने हटा दिया। इसके बाद नरेश अग्रवाल मुलायम सिंह यादव से मिले श्री यादव ने उनका पूरा सहयोग कर उन्हें दोबारा मंत्री बनाया उनको दिल्ली की पंचायत में राज्यसभा का सदस्य बनवाया। मुलायम सिंह यादव का जिले के कुछ नेताओं से विशेष लगाव रहा। जिले के तमाम छात्र नेताओं के मुलायम सिंह यादव से सीधे संबंध थे। मुलायम सिंह यादव हमेशा छात्र राजनीति को आगे बढ़ाने में लगे रहे ।जिले के अनिल सिंह वीरू लखनऊ विश्वविद्यालय में महामंत्री रहे ।उनको भी राजनीति में आगे बढ़ाने का काम मुलायम सिंह यादव ने किया था।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।